## संजय नगर में मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

**सौंसर।** वार्ड नं 15 संजय नगर में सुजाता महिला मंडल सौसर की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुलेजी का जन्म दिवस मनाया गया इस दौरान महिला मंडल की ओर से तथागत बुद्ध,महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले डॉ बाबा साहेब अंबेडकरजी,आई रमाई के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजन बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे, बोथ थे युवक युवती परिचय सम्मेलन समिति के मुरलीधर कामले, डॉ अशोक भगत,मिलिंद बंसोड़ के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के द्वारा किए गए कार्य और वर्तमान में हमें उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए क्या करना चाहिए इस पर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान आयोजन में दिलीप बागड़े श्रीमती प्रभाबाई ठवरे, सुरेखा चौरे, अर्चना सोमकुंवर, माधुरी पाटिल, माया बागडे, काचन चवरे, शिल्पा वहाने,माया सोमकुंवर, सीमा बंसोड़, शिल्पा नागदवने,ममता खोबरागड़े, सिद्धार्थ सोमकुंवर, विजय नागदवने आदि थे।

## दो दिवसीय श्री साईं महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

**सौंसर।** ग्राम कढैया में साईं सरकार समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय श्री साईं पालखी महोत्सव एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत भक्ति ज्ञान यज्ञ रविवार को आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने संपूर्ण क्षेत्र को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। दो दिवसीय महोत्सव की शुरुआत शनिवार को हुई, जिसमें विभिन्न भजन मंडलियों ने साईं बाबा के चरणों में सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक चली कीर्तन और संगीत की स्वर लहरियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया और पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान साईं नाथ की भव्य पालखी यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में 'विट्ठल-रुखमाई दिंडी मंडल' सहित क्षेत्र की अनेक भजन मंडलियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। पालखी मार्ग पर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर पालखी का भव्य स्वागत किया। महोत्सव के दौरान आयोजित श्रीमद् भागवत भक्ति ज्ञान यज्ञ में संतजनों एवं वक्ताओं ने मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कीऺमानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य ईश्वर भक्ति, सेवा और सदाचार में निहित है। साईं बाबा का 'सबका मालिक एक' का संदेश समाज में समरसता, भाईचारा और प्रेम को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में महाआरती ओर विशाल महाप्रसाद का वितरित किया गया।

### छिंदवाड़ा जिले में वर्षों से जारी व्यवस्था पर उठे सवाल

# आदेश कागजों में, उपयंत्री जमे मैदान में! राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा (मनीष गड़करी )

समग्र शिक्षा अभियान के तहत उपयंत्रियों की सेवाओं को अन्य विभागों से वापस लेकर मूल विभाग में भेजने के स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद छिंदवाड़ा जिले में इन आदेशों का पालन अब तक नहीं हो पाया है। यह मामला अब प्रशासनिक कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। दरअसल, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के संचालक धनराज एस द्वारा 23 दिसंबर 2021 को पत्र क्रमांक 305 जारी कर सभी जिला कलेक्टरों और संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया था कि समग्र शिक्षा अभियान के उपयंत्रियों की सेवाएं मनरेगा एवं अन्य विभागों में तकनीकी तैनाती से निरस्त कर उन्हें उनके मूल विभाग में वापस किया जाए। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है।







### जिलेभर में आदेश की अनदेखी

छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव, छिंदवाड़ा, बिछुआ, चौरई और सौसर जनपद पंचायतों में आज भी सर्व शिक्षा अभियान के उपयंत्री अन्य विभागों में कार्यरत हैं। वर्षों बीत जाने के बावजूद इन्हें उनके मूल विभाग में वापस नहीं भेजा गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आदेश केवल कागजों तक सीमित रह गया है।

### राजनैतिक संरक्षण की चर्चा

सूत्रों के अनुसार, इन उपयंत्रियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वे अपने मूल विभाग में वापस नहीं लौट रहे हैं। यही कारण है कि जिला पंचायत और जनपद पंचायत स्तर पर भी इन आदेशों को लागू कराने में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही। यह स्थिति प्रशासनिक तंत्र की मजबूरी या मिलीभगत दोनों ही संकेत देती है।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारियों पर भी सवाल

जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। आरोप है कि वे राज्य शिक्षा केंद्र के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद उपयंत्रियों को बीआरसी कार्यालयों में भेजने के लिए तैयार नहीं हैं। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि इन उपयंत्रियों को दिए गए सेक्टर "कमाई के जरिये" बन चुके हैं, जिससे आदेशों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है।

### जुन्नारदेव बना चर्चा का केंद्र

जिले में सबसे अधिक चर्चा जुन्नारदेव जनपद पंचायत की है, जहां एक उपयंत्री पिछले पांच वर्षों से सांगा खेड़ा और बुधवाड़ा सेक्टर में पदस्थ है। बताया जाता है कि यह नियुक्ति संबंधित अधिकारियों की कृपा से जारी है, जबकि संचालक के आदेश के अनुसार इन्हें बहुत पहले ही वापस भेजा जाना चाहिए था।

### मनरेगा कार्यों में अनियमितताओं के आरोप

सांगा खेड़ा सेक्टर के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजनाओं के तहत बनाए गए तालाब और सामुदायिक भवनों में भ्रष्टाचार के आरोप पहले भी सामने आ चुके हैं। पीला बाड़ी पंचायत के कौआझिरी में बना तालाब, आलमोद पंचायत के ग्राम धवासी में निर्मित चेकडैम जैसे कार्यों को लेकर ग्रामीणों में असंतोष है और यह मुद्दे पूर्व में समाचारों की सुर्खियां भी बन चुके हैं।

### कार्रवाई की उम्मीद धूमिल

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शिक्षा केंद्र के आदेश का पालन कर उपयंत्रियों को उनके मूल विभाग में भेजेंगे? मौजूदा हालात को देखते हुए इसकी संभावना बेहद कम नजर आती है। जब पांच वर्षों में आदेश का पालन नहीं हो पाया, तो अब भविष्य में इसकी उम्मीद भी कमजोर दिख रही है।

### प्रशासन की साख पर उठ रहे सवाल

सर्व शिक्षा अभियान के उपयंत्रियों को मूल विभाग में वापस भेजने के आदेश का वर्षों बाद भी पालन न होना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। राजनीतिक संरक्षण और कथित भ्रष्टाचार की चर्चाओं ने व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे प्रशासन की साख प्रभावित हो रही है।

### खबर छपते ही जागा सिस्टम, सट्टे पर पुलिस की छापेमारी से उठे सवाल

# दिखावे की कार्रवाई या असली एक्शन?



हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

थाना क्षेत्र में लंबे समय से गांव-गांव में फैल चुके सट्टे के खिलाफ आखिरकार पुलिस हरकत में आई। खबर सामने आते ही पुलिस ने अचानक छापेमारी कर कार्रवाई की, जिसमें कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया और सट्टा सामग्री भी जब्त की गई। लेकिन इस कार्रवाई के बाद कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### पहले कहां था प्रशासन?

कुंडा, हिवरखेड़ी, समसवाड़ा, कपूरदा, झिलमिली, बम्हनवाड़ा और सांख जैसे गांवों में सट्टा लंबे समय से खुलेआम संचालित हो रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गतिविधियां किसी से छिपी नहीं थीं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सब कुछ सामने था, तो प्रशासन ने पहले कार्रवाई क्यों नहीं की?

### छोटे खिलाड़ी निशाने पर, बड़े अब भी बाहर?

इलाके में चर्चा है कि हालिया कार्रवाई केवल छोटे स्तर के सट्टा संचालकों तक सीमित रही, जबकि असली नेटवर्क और बड़े संचालक अब भी सक्रिय हैं। इससे यह संदेह और गहरा हो गया है कि क्या यह कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष और व्यापक थी।

### सवाल अब भी बरकरार

इस पूरे घटनाक्रम के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या यह सट्टे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की शुरुआत है, या फिर केवल दिखावे के लिए उठाया गया कदम?

### जनता को ठोस कार्रवाई का इंतजार

स्थानीय नागरिक अब यह जानना चाहते हैं कि क्या पुलिस पूरे नेटवर्क पर शिकंजा कसेगी या फिर यह कार्रवाई भी कुछ समय बाद ठंडी पड़ जाएगी। लोगों की मांग है कि सट्टे के जड़ तक पहुंचकर स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि इस अवैध गतिविधि पर पूरी तरह रोक लग सके।

## शहर में दर्दनाक घटनाः चार मंजिला इमारत से कूदकर छात्रा ने दी जान

### एमएलबी में कक्षा दसवीं की थी छात्रा, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा के बरारीपुरा इलाके में रविवार को एक बेहद दुखद घटना सामने आई। यहां 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा ने चार मंजिला इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में शोक का माहौल है।



घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान हिमाक्षी डेहरिया (15 वर्ष) के रूप में हुई है, जो बरारीपुरा की रहने वाली थी और MLB स्कूल में 10वीं कक्षा की छात्रा थी। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, दोपहर करीब 2 बजे छात्रा पड़ोसी के मकान की छत पर गई और वहां से छलांग लगा दी। हालांकि उसने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दुख और सन्नाटा छा गया है।

## जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक का आयोजन 13 अप्रैल सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के बाद दोपहर 1 बजे आयोजित की गई है।

## गांव-गांव पहुंचा अभियानः भाजपा पातालेश्वर मंडल में स्वच्छता, संवाद और अंबेडकर जयंती की तैयारी



**छिंदवाड़ा।** भाजपा पातालेश्वर मंडल में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर "गांव चलो, बस्ती चलो" अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान, हितग्राहियों से संवाद और वरिष्ठ नेताओं का सम्मान किया गया।वार्ड क्रमांक 23 महर्षि वाल्मीकि वार्ड स्थित शारदा माता मंदिर में कार्यकर्ताओं ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और पूर्व सैनिक मालवी जी का सम्मान किया। वहीं वार्ड 13 जगन्नाथ वार्ड में शिव मंदिर परिसर में अभियान चलाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद किया गया। वार्ड 24 महाराणा प्रताप वार्ड के बोरिया क्षेत्र में भी पार्षद रंगू यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।इसी क्रम में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर मंडल अध्यक्ष द्वारा सभी बूथ अध्यक्षों को अंबेडकर के छायाचित्र वितरित किए गए। 14 अप्रैल को प्रत्येक बूथ स्तर पर अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी, जिसमें उनके जीवन और योगदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।भाजपा ने इस अभियान के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया है।

## करोड़ों की सड़क, लेकिन जानकारी गायब!

# तामिया में निर्माण कार्यों पर सवाल, ठेकेदार–अधिकारियों की मिलीभगत के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तहसील क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। आरोप है कि अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से तकनीकी मापदंडों की अनदेखी कर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण ग्राम चौरा पठार को जोड़ने वाली सड़क निर्माण में सामने आया है।गौरतलब है कि चौरा पठार लंबे समय से पहुंचविहीन रहा, जहां सड़क न होने के कारण भारिया जनजाति के ग्रामीण विकास से वंचित थे। केंद्र सरकार द्वारा इस क्षेत्र के विकास के लिए योजनाएं शुरू की गईं, लेकिन अब वही योजनाएं भ्रष्टाचार का माध्यम बनती नजर आ रही हैं।



### सूचना बोर्ड तक नहीं, पारदर्शिता पर सवाल

बखारी ग्राम स्कूल से चौरा पठार तक बनाई जा रही यह सड़क करोड़ों की लागत से तैयार हो रही है और अब अंतिम चरण में है। हैरानी की बात यह है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण स्थल पर लागत, विभाग और कार्यकारी एजेंसी की जानकारी देने वाला सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया। इससे ग्रामीणों में संदेह और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### जिम्मेदारों की भूमिका पर उठे सवाल

उपयंत्री से लेकर विभागीय प्रबंधक तक की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि निर्माण कार्य एक वर्ष से चल रहा है, तो निरीक्षण के दौरान सूचना बोर्ड की कमी नजर क्यों नहीं आई? क्या यह लापरवाही है या फिर जानबूझकर की गई अनदेखी?

### उठ रही जांच की मांग तेजग

रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क की गुणवत्ता, उपयोग की गई सामग्री और सूचना बोर्ड न लगाने के कारणों की जांच होनी चाहिए।अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है—क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

### तकनीकी खामियों की आशंका

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया है। सूचना बोर्ड न लगाना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि निर्माण कार्य में तकनीकी खामियां छिपाई जा रही हैं। चर्चा यह भी है कि तकनीकी अधिकारी और ठेकेदार कागजों में ही निरीक्षण दिखाकर घटिया निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं।

## आशा भोसले के निधन पर सांसद ने जताया दुःख

**छिन्दवाड़ा।** आशा भोसले के निधन पर सांसद बंटी विवेक साहू ने दुःख जताया है। उन्होंने आशा भोसले को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि भारतीय संगीत की स्वर-साम्राज्ञी और करोड़ों दिलों की धड़कन आशा भोसले जी का 92 वर्ष की आयु में निधन एक युग का अंत है। उनके अमर स्वर और गानों की विरासत हमेशा हमारे दिलों में गूंजती रहेगी। सांसद श्री साहू ने संगीत जगत को हुई इस अपार क्षति पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये कहा है कि सुरों की रानी आशा ताई का जाना संगीत जगत के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। उनके गीत हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे। इस दुखद घड़ी में परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। भारतीय संगीत में उनका योगदान अतुलनीय है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

### स्वच्छता अभियान के साथ वरिष्ठों का सम्मान

## वार्ड 42 में "गांव चलो, बस्ती चलो" अभियान के तहत जनसंपर्क तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

रविवार को नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 42, शिव मंदिर बड़ा कुआं क्षेत्र में "गांव चलो, बस्ती चलो" अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का घर-घर जाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महापौर विक्रम अहाके, वार्ड प्रभारी राजू नरोटे और पार्षद संदीपसिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला सह कार्यवाह सुरेंद्र सिंह बैस का उनके निवास पर जाकर सम्मान किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद भी प्रदान किया।अभियान के तहत समाजसेवी नरेंद्र साहू, डॉ. राकेश श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य नागरिकों—जेपी मिश्रा, पूर्व प्राचार्य दुबे, विनायकराव सोनी, हरनाम गिरी गोस्वामी, राजू पवार, अनिल बज और प्रेमसागर विश्वकर्मा का सम्मान किया गया। पार्षद संदीपसिंह चौहान ने बताया कि गुलाबरा क्षेत्र के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का सम्मान किया जाएगा, क्योंकि उनके योगदान से ही क्षेत्र और छिंदवाड़ा की पहचान मजबूत बनी है।

## यश राज को आई.आई.एम. मुंबई से एमबीए अवॉर्ड

**छिंदवाड़ा।** नगर के छोटी बाजार निवासी इंजीनियर यश राज जैन ने भारतीय प्रबंधन संस्थान आई. आई. एम. मुंबई से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) विशिष्टता के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया, जिसके लिए संस्थान के तृतीय वार्षिक दीक्षांत समारोह में उन्हें अतिथियों के हाते सम्मानित किया गया, जो सकल जैन समाज सहित छिंदवाड़ा के लिए गौरव की बात है।



## सांसद कल अम्बेडकर जयंती के कार्यक्रमों व बस दुर्घटना में पीड़ितों से करेंगे मुलाकात

**छिन्दवाड़ा।** असम चुनाव को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दी गई अहम जिम्मेदारी का निर्वहन करने और दिल्ली प्रवास से लौटने के तुरंत बाद सांसद बंटी विवेक साहू 14 अप्रैल को विगत दिनों बस दुर्घटना में मृतक हुए लोगों के दुखी परिजनों से मुलाकात करने उनके गांव पहुंचेगे, सांसद 14 को छिन्दवाड़ा शहर में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। सांसद बंटी विवेक साहू 15 अप्रैल को दोपहर 12 से 4 बजे तक सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में जिले वासियों से मुलाकात करेंगे। सांसद श्री साहू 15 अप्रैल को शाम 5 बजे 16 से 18 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित होने वाले संसद के विशेष सत्र में शामिल होने के लिए नागपुर होते हुए दिल्ली प्रस्थान करेंगे। सांसद बंटी विवेक साहू 14 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे श्री अम्बेडकर चौक छिंदवाड़ा में भारतरत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। सांसद सुबह 11 बजे राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय में भारतरत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होगे। सांसद श्री साहू दोपहर 12:30 बजे धरमटेकड़ी में स्थित कृष्णा लॉन में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के पिताजी स्वर्गीय सालिगराम यादव के गंगापूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1 बजे धरमटेकरी चौकी के सामने स्थित सेन समाज भवन में आयोजित संत शिरोमणी नंदाजी महाराज के जन्म जयंती के कार्यक्रम में शामिल होगे।

### किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा का छिंदवाड़ा में हुआ प्रथम आगमन

# भाजपा सरकार किसानों की सरकारः जयपाल सिंह चावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

रविवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा का छिंदवाड़ा में प्रथम आगमन हुआ। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं एवं किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए उनका भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं से उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया तथा "जय बलराम" और "भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद" के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर आयोजित बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और भाजपा सरकार किसानों की सरकार है।



उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। यह नया भारत हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है और वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

श्री चावड़ा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश की अर्थव्यवस्था की नींव किसान है। यदि किसान समृद्ध होगा तो देश स्वतः समृद्ध होगा। केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना एवं सिंचाई योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और उन्हें आर्थिक मजबूती मिली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं और उनकी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं। किसान मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता किसानों और सरकार के बीच एक सशक्त सेतु बने। साथ ही उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही किसानों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल के स्वागत भाषण से हुई। इसके पश्चात जिला महामंत्री विजय पांडे, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, प्रदेश पदाधिकारी कप्तान सिंह यादव एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप रघुवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

## अप्रैल की शुरुआत में ही हालात बदतर, नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

# दमुआ में जल संकटः टैक्स पूरा, पानी आधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शहर में एक बार फिर पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। हर महीने नियमित रूप से टैक्स वसूली के बावजूद नागरिकों को मूलभूत सुविधा पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है। अप्रैल की शुरुआत में ही कई वार्डों में हालात इतने खराब हैं कि लोग पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

### सुबह से रात तक पानी की जद्दोजहद

शहर के कई इलाकों में नलों से एक बूंद पानी तक नहीं आ रहा, जबकि जहां सप्लाई हो रही है वहां उसका कोई तय समय नहीं है। महिलाएं और बच्चे तक पानी भरने के लिए घंटों संघर्ष कर रहे हैं। रोजमर्रा की जिंदगी पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस गंभीर



### गर्मी बढ़ने से पहले ही बिगड़े हालात

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि जब अप्रैल में ही यह स्थिति है, तो मई-जून की भीषण गर्मी में हालात कितने भयावह हो सकते हैं। सवाल उठ रहा है कि क्या नगरपालिका ने गर्मी से पहले जल संकट से निपटने के लिए कोई ठोस योजना बनाई थी, या फिर हर साल की तरह इस बार भी कागजी दावों तक ही सीमित रही?

### जवाबदेही पर उठे सवाल

यह स्थिति केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जनता के साथ अन्याय है। जब टैक्स वसूली में कोई ढिलाई नहीं बरती जाती, तो सुविधाओं में इतनी लापरवाही क्यों? क्या नगरपालिका केवल कागजों में ही काम कर रही है?

### जनता को जवाब का इंतजार

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस लापरवाही की जिम्मेदारी किसकी तय होगी। क्या संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होगी, या फिर हर बार की तरह यह मामला भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा?

### व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

स्थानीय नागरिकों के अनुसार
- नियमित जल आपूर्ति का अभाव
- टैंकरों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं
- शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं

इन समस्याओं ने जनता की परेशानी को और बढ़ा दिया है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।

## भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**परासिया।** प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने दिए गए निर्देशों के परिपालन में आज परासिया के जनपद पंचायत सभाकक्ष में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम मे परासिया एसडीएम शुभम कुमार यादव, जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी , उपाध्यक्ष जमील खान, पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, जिला पंचायत सदस्य अरुण यदुवंशी, कमलेश उईके एवं सभी विकासखंड के विभाग प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । कार्यक्रम मंच संचालन सहायक लेखा अधिकारी राजेश भट्ट ने किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित विभाग प्रमुखों ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी के आस्मरणीय पलो याद करते हुये उनके उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान आजीविका मिशन अंतर्गत माँ नर्मदा और प्रज्ञा स्वसहायता समूह क्रो 10 लाख के लोन का स्वीकृति पत्र एवं मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत 15 हितग्राहियों को दो लाख की राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए ।

## डॉ. अम्बेडकर की जयंती धूमधाम मनाने तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महामाया महिला मण्डल सैनिक दल एवं करूणा बुद्ध विहार समि ि दमुआ के तत्वाधान में युग पुरूष संविधान शिल्पी भारत रत्न परम पूज्य बोधिसत्व डॉ बाबा साहब अम्बेडकर जी की 135 वी जयंती समारोह का कार्यक्रम दिनांक 14 अप्रैल दिन मंगलवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है।

अतः आप समस्त महानुभाव गणमान्य नागरिक व्यापारी बन्धु स्वजाति बन्धु समाजसेवी आदि समस्त जनो से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आहवान बुद्ध विहार समिति दमुआ द्वारा किया गया है। अतः कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भदंतधम्मसारथी, डॉ. बाबा



साहब अम्बेडकर बुद्दिस्ट सेमिनरी नागपुर महाराष्ट्र होगें जबकि कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे धम्मध्वज ध्वजारोहण एवं विशाल वाहन रैली करूणा बुद्ध विहार दमुआ , प्रातः 11:00 बजे ध्वजा रोहण सुखराम दफाई, नंदन, प्रातः 11:30 बजे ध्वजारोहण, न्यू माईनस डबल स्टोरी दमुआ, दोपः 12:00 बजे ध्वजारोहण पुराना दमुआ माईनस, दोप 12:30 बजे ध्वजारोहणपंचशील पार्क राखीकोल, दोपः 01:00 बजे ध्वजारोहण मेगजीन दफाई दमुआशाम 04:30 बजे ध्वजारोहण विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण हेतु प्रस्थान, करूणा बुद्ध विहार दमुआ से, रात्रि 08:00बजे डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एव केक काटरकर बच्चो का उत्साह वर्धन होगा एवं रात्रि 08:30 से मुख्य वक्ताओ के द्वारा उद्बोधन के पश्चात भोजन की व्यवस्था की गई है।

जबकि कार्यक्रम के भव्य आयोजन हेतु जगह जगह साज सज्जा, लाईटिंग , बैनर फ्लेक्स गेट आदि से दमुआ नगर एवं बुद्ध विहार को सजाया जा रहा है। और डॉ. बाबा साहब की 135 वी जयंती धूमधाम से मनाई जावेगी।

## बिछुआ के गणेश मठ में दो दिवसीय स्थापना वर्षगांठ महोत्सव आज

**बिछुआ।** नगर के माता मां चौक स्थित गणेश मठ में श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान के द्वारा आज से 2 दिवसीय मंदिर स्थापना वर्षगांठ महोत्सव की शुरुवात होंगी। गणेश मठ बिछुआ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी ने बताया की प्रातः 7 बजे से श्री गणपति महा अभिषेक तथा प्रातः 9 बजे 5 कुण्डीय श्री गणेश महायज्ञ होंगा। साथ ही शाम 7 बजे से संत समागम आयोजित होंगा। जिसमें नर्मदा उपासक निराहार संत अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु भगवान का आगमन होंगा। संत समागम में संत श्री दादा गुरु धर्म प्रेमियों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देंगे। साथ ही कार्यक्रम में अन्य साधु संत भी शामिल होंगे। बता दें कि प्रकृति के उपासक संत श्री दादा गुरु पिछले 5 वर्षों से केवल मां नर्मदा के पवित्र जल का सेवन कर रहें हैं। साथ ही वें मां नर्मदा के संरक्षण के लिए अब तक 4 बार परिक्रमा कर चुके हैं। मंदिर समिति के द्वारा धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है। साथ ही 14 अप्रैल को संस्थान के संस्थापक बाबा महाराज की पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। श्री श्याम संध्या में ऋतिक नामदेव देंगे प्रस्तुतियां - गणेश मंदिर स्थापना वर्षगांठ महोत्सव के उपलक्ष्य पर आज रात्रि में 9 बजे से श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। जिसमें गायक ऋतिक नामदेव के द्वारा भक्तिमय प्रस्तुतियां दी जाएगी। फोटो सहित



## जाटाछापर में 450 मीटर सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम पंचायत जाटाछापर के अंतर्गत जाटाछापर से न्यूटन पहुंच मार्ग एवं रेलवे गेट के बगल में पुलिया की दीवार निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक सोहन बाल्मिक जनपद उपाध्यक्ष जमील खान सरपंच नरेंद्र धुर्वे हरि वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ । उल्लेखनीय है , कि यह पुलिया जाटाछापर से न्यूटन मार्ग को जोड़ती है । जिससे जाटाछापर , भमोड़ी , इकलेहरा , अंबाड़ा , जामई , दमुआ , न्यूटन , पगारा और तामिया के नागरिकों को इस रोड से आवागवन में सुविधा होती है , अगर यह निर्माण नहीं होता तो नागरिकों को 10 किलोमीटर का लंबा सफर अतिरिक्त करना होता । कार्यक्रम में अशोक अनवरीया , विजय चंदेल , जगजीत पटेल , देव कुमार , अमित तिवारी , फागु प्रसाद , जगदीश यदुवंशी , प्रमोद भार्गव , संजय राय , हेमराज सूर्यवंशी , सुनील सूर्यवंशी , नितेश पाल , छोटेलाल , सुशील जायसवाल , शंखनाद , शांतिबाई , श्याम लता , पूरन लाल यदुवंशी , गजानंद यदुवंशी , संतोष राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए ।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने विधायक पटेल व पूर्व विधायक जायसवाल को सौंपा ज्ञापन

# शिक्षकों को पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने के आदेश को रोका जाये








### मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

वारासिवनी।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रम में प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने संबंधी सूचना के बाद अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा वारासिवनी ने विधायक विवेक विक्की पटेल को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंप कर पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने, नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने एवं मध्यप्रदेश शासन से पुनर्विचार याचिका दाखिल करवाने की मॉग की है।

### शिक्षकों ने नगर में निकाली रैली

इसके पहले शिक्षकों ने नगर में एक विशाल रैली निकाली, जिसमें शिक्षकों ने अपने हाथों में तख्ती पकड़ी हुई थी, जिसमें एक ही मॉग एक ही दरकार, टीईटी से मुक्ति दो सरकार, अध्यापक शिक्षक करे पुकार, हमारी मॉगे माने सरकार, अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिंदाबाद, शिक्षकों का यह अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान लिखे हुए थे और इन नारों की गूॅज से पूरा शहर गुंजायमान हो रहा था। शिक्षकों की यह रैली नगर भ्रमण करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल के कार्यालय में पहुॅची। जहॉ पर उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन विधायक को सौंपा।

### कांग्रेस पूर्ण रुप से शिक्षकों के साथ-विवेक पटेल

इस दौरान शिक्षकों से चर्चा करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने उनकी मॉगों को जायज ठहराते हुए इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि वह और उनकी पार्टी कांग्रेस पूर्ण रुप से शिक्षकों के साथ है। शिक्षक भविष्य का निर्माता है और उसे इस प्रकार से परेशान करना ठीक नहीं है। इस संबंध में मैने पूर्व में भी शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से चर्चा की थी, अब और उनसे चर्चा कर शिक्षकों की समस्या को सुलझाने का प्रयास किया जायेगा।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को माने सरकार

विधायक को ज्ञापन के अनुसार राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना दिनांक 10 अगस्त 2010 की कंडिका 4 क, ग एवं कंडिका 5 के अनुसार 3 सितम्बर 2001 के बाद नियुक्ति शिक्षक(संविदा शाला शिक्षक), 3 सितम्बर 2001 के पूर्व नियुक्त शिक्षक, शिक्षाकर्मी एवं संविदा शाला शिक्षक तथा वर्ष 2011 से 2014 के मध्य गुरुजी से संविदा शाला शिक्षक के रुप में नियुक्त शिक्षकों को पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान की गई है। इस छूट का उल्लेख सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश में भी है। इसके बावजूद विभागीय आयुक्तों द्वारा समस्त सेवारत नॉन टीईटी शिक्षकों को टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु बाध्य किया जाना अधिसूचना के प्रावधानों एवं उच्चतम न्यायालय के निर्णय की भावना के विपरीत है।

### 2 एवं 26 मार्च 26 के आदेश को निरस्त करे सरकार

शिक्षकों ने विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 2 मार्च 2026 तथा आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा 26 मार्च 2026 को जारी आदेश को तत्काल निरस्त कर प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त कर उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव से राहत प्रदान करने की मॉग की है।

### सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से हो

इसके साथ ही ज्ञापन में नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की लंबे समय से की जा रही ज्वलंत मॉग की है, जिससे सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने हेतु आवश्यक आदेश जारी करने, पेंशन ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण जैसे वैधानिक लाभ पदोन्नति, क्रमोन्नति की गति सुनिश्चित हो सके।

**यह रहे उपस्थित-** इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा, अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा विकासखंड वारासिवनी के संयोजकगण रतनलाल बिरनवार, विष्णु पटले, धन्नालाल बिसेन, नंदलाल तामेश्वर, सेवकराम जैतवार, भूमेश्वर बिसेन, रुपकिशोर बिसेन, रोशनलाल नगपुरे, नरेन्द्र ठाकुर सहित सैकड़ों महिला, पुरुष शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## सेलवा गांव में नशे के खिलाफ लगी चौपाल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** किसी भी तरह का नशा एक सामाजिक बुराई है और इससे लड़ने के लिए समाज को मिलकर कदम उठाने होंगे। यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि परिवार, समुदाय और आने वाली पीढ़ियों पर गहरा असर डालती है। गांव की महिलाओं ने गांव को शराब मुक्त बनाने का जो फैसला लिया है। वह निश्चित तौर पर सराहनीय है। नशे के खिलाफ जंग की शुरुआत घर से की जाए तो और अधिक बेहतर है। किसी भी प्रकार का नशा अचानक से छूट जाए यह इतना आसान नहीं है लेकिन नशे को छोड़ा ना जा सकें यह असंभव भी नहीं है। यह विचार अनुविभागीय अधिकारी के.सी.ठाकुर ने शनिवार को प्रखंड की ग्राम पंचायत सेलवा के पंचायत भवन में महिलाओं के द्वारा आयोजित चौपाल में कहीं। उन्होंने कहा कि गांव में बसाहट के बीच संचालित होने वाली शराब दुकान का विस्थापन एक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। पंचायत और ग्रामीण विधिवत प्रक्रिया के तहत शराब दुकान का विस्थापन कराने की मांग कर दुकान को अलग विस्थापित करवा सकते है। गांव में संचालित होने वाली शराब दुकान की स्थिति से वह अपने वरिष्ट अधिकारियों को अवगत करवाएगें। इस दौरान नायब तहसीलदार पी.एल.साडया, थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम, पंचायत सरपंच देवेन्द्र देशमुख सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## शासकीय हाई स्कूल झाडग़ाँव में आंबेडकर जयंती पर हो रहे विभिन्न कार्यक्रम

## विद्यार्थियों ने चित्रकला, रंगोली, निबंध व भाषण के माध्यम से प्रदर्शित की प्रतिभा

वारासिवनी।

**शासन के निर्देश अनुसार भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 8 अप्रैल से 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में एकीकृत पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल झाडग़ॉव में 11 अप्रैल को साफ सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, रंगोली, निबंध, भाषण के माध्यम से भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओंकार डोंगरे, विशेष अतिथि सालिकराम फुलमारी शिक्षक, विद्यालय प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार डोंगरे, शिक्षकगण सुनिता नगपुरे, शीला उइके, केशोराम भलावे, जितेंद्र कुमार चौरागड़े, आरती डोंगरे, राजेन्द्र कटरे, भागचंद चौहान, बाबूलाल पालेवार, नीता राहंगडाले, योगराज डोहरे, विमल पंचेश्वर, रामेश्वर उपवंशी, मोहिनी बिसेन, मोनिका दसेरिया, रोशनी दमाहे की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार डोंगरे, मुख्य अतिथि ओंकार डोंगरे व विशेष अतिथि सालिकराम फुलमारी ने भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन के बारे में संक्षिप्त जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

### जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज, कलेक्टर करेंगी योजनाओं की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला प्रशासन द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा के लिए 13 अप्रैल 2026 को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में शाम 5.30 बजे कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न होगी।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 8 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत वर्ष 2026 की यह प्रथम त्रैमासिक बैठक बुलाई गई है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से 1 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक दर्ज राहत प्रकरणों की राशि की स्वीकृति और वितरण की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही न्यायालय में विचाराधीन मामलों, आजक थाना सिवनी में दर्ज प्रकरणों की स्थिति और पेंडिंग चालानों की विस्तृत समीक्षा होगी। संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बैठक के एजेंडा अनुसार संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

### प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा मंगलवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा मंगलवार 14 अप्रैल को सिवनी जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान मंत्री श्री वर्मा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। प्राप्त अधिकृत कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री श्री वर्मा 14 अप्रैल को प्रातः 06.20 बजे पातालकोट एक्सप्रेस द्वारा सिवनी पहुँचेंगे। स्थानीय विश्राम गृह में कुछ समय रुकने के पश्चात, वे दोपहर 12 बजे शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी के परिसर में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में भाग लेंगे।कार्यक्रम में सहभागिता के उपरांत, मंत्री श्री वर्मा नरसिंहपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे। वहाँ से वे सायं 06.30 बजे श्रीधाम एक्सप्रेस से वापस भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम 14 अप्रैल को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2026 को जिला मुख्यालय सिवनी स्थित महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय में



दोपहर 12:00 बजे से जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। साथ ही विधायकगण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि 8 से 14 अप्रैल 2026 तक अंबेडकर जयंती सप्ताह के अंतर्गत जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके योगदान, संविधान निर्माण में उनकी भूमिका तथा सामाजिक समरसता से जुड़े विषयों पर वाचन, भजन एवं गीत प्रस्तुत किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा तथा छात्रावास एवं आश्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विशेष भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी को नोडल अधिकारी तथा सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विभिन्न अधिकारियों को विकासखण्ड स्तर पर दायित्व सौंपे गए हैं, जिससे सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संपन्न हो सकें।

# 1400 मेगावाट उत्पादन की तैयारी, एनटीपीसी बढ़ाएगा क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के घंसौर बरेला स्थित एनटीपीसी के झाबुआ पावर प्लांट में बिजली उत्पादन बढ़ाने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। वर्तमान में 600 मेगावाट क्षमता से संचालित इस संयंत्र में अतिरिक्त 800 मेगावाट की नई यूनिट स्थापित करने का खाका तैयार कर लिया गया है। अब इस परियोजना को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की स्वीकृति का इंतजार है।

प्लांट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्र आशीष घोष दस्तीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित नई यूनिट के शुरू होने के बाद कुल उत्पादन क्षमता 1400 मेगावाट तक पहुंच जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि यह यूनिट वर्ष 2031-32 तक प्रारंभ हो सकती है।



#### क्षमता और प्रदर्शन में आगे

उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में शुरू हुआ यह 600 मेगावाट का कोयला आधारित संयंत्र प्रारंभ में 70% क्षमता पर संचालित होता था, जो अब बढ़कर 74 % तक पहुंच गई है। वर्तमान में प्लांट प्रतिवर्ष लगभग 3909 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहा है, जो कि देश के अन्य थर्मल प्लांट्स की तुलना में बेहतर प्रदर्शन माना जा रहा है।

#### राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप विस्तार

सरकार की मंशा है कि वर्ष 2031-32 तक देश में 25 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया जाए। इसी दिशा में इस संयंत्र का विस्तार महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

#### राख निस्तारण और सीएसआर पर जोर

संयंत्र प्रबंधन ने राख (ऐश) निस्तारण को लेकर भी प्रभावी कदम उठाए हैं। वर्ष 2025 में 129 % ऐश का सफल निस्तारण किया गया। साथ ही, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत प्रतिवर्ष 2.5 करोड़ रुपये से अधिक राशि शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़े कार्यों पर खर्च की जा रही है।

#### स्थानीय रोजगार को प्राथमिकता

प्लांट में कार्यरत लगभग 1300 कर्मचारियों में से 900 स्थानीय लोग हैं, जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

#### अधिग्रहण के बाद नई दिशा

गौरतलब है कि अवंथा ग्रुप द्वारा स्थापित इस प्लांट को सितंबर 2022 में एनटीपीसी ने दिवालिया प्रक्रिया के तहत 925 करोड़ रुपये में अधिग्रहित किया था। पहले 660 मेगावाट की यूनिट प्रस्तावित थी, लेकिन अब आधुनिक 'सुपर क्रिटिकल' तकनीक के तहत 800 मेगावाट की यूनिट लगाने की योजना बनाई गई है। नई यूनिट शुरू होने से न केवल बिजली उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने की उम्मीद है।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर विद्युत ट्रांसफार्मर के पोल से टकराई

**सिवनी जिले के धूमा थाना क्षेत्र मुख्यालय में रविवार सुबह लगभग 11 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर विद्युत ट्रांसफार्मर के पोल से टकरा गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ /धूमा।



इस हादसे में कार चालक सुरक्षित बच गया, हालांकि कार और ट्रांसफार्मर का पोल क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार कार धूमा मुख्यालय के रिहायशी इलाके से गुजर रही थी। अचानक चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सीधे ट्रांसफार्मर के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रांसफार्मर का पोल भी प्रभावित हुआ। गनीमत रही कि दुर्घटना के समय आसपास कोई राहगीर या अन्य वाहन मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

यह घटना स्थल एक रिहायशी क्षेत्र है, जहां अक्सर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि हादसे के समय कोई व्यक्ति पासमें होता तो गंभीर जनहानि हो सकती थी। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सूचना मिलते ही धूमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। थाना प्रभारी डोमन सिंह मारवी ने बताया कि कार के ट्रांसफार्मर पोल से टकराने की जानकारी मिली थी। प्राथमिक जांच में चालक सुरक्षित पाया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को मौके से हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु किया। साथ ही, विद्युत विभाग को भी ट्रांसफार्मर पोल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दे दी गई है, ताकि आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जा सके।

यह घटना तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर करती है। प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक और नियंत्रित गति में वाहन चलाने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

आपरेशन मुस्कान अभियान मे डुण्डासिवनी पुलिस को एक और सफलता

# नाबालिग बालिका को 8 घंटे के भीतर किया सकुशल दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता नाबालिग बालक बालिकाओ के दस्तयाब हेतु हर संभव प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन मे एवं ए.एस.पी. दीपक मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के निर्देशन व नेत्तृव मे कार्य करते हुए थाना डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा नाबालिग बालिका को आठ घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया। दिनांक 11/04/2026 को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी 15 वर्ष 08 माह कि नाबालिग बालिका अपने घर ग्राम बंजारी मे रात्री मे कही चली गयी आसपास तलाश किये पर कही मिल नही रही है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रंमाक 185/26 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

थाना प्रभारी चैनसिंह उडक्के द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर अपहृता बालिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी तकनीकी सहायता ली गयी जो अपहृता का बस स्टैण्ड सिवनी तरफ होने की सूचना मिलने पर रवाना होकर अपहृता को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। परिजनो के द्वारा खुशी जाहिर कर डूण्डासिवनी पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। विशेष भूमिकाः निरी. चैनसिंह उइके, सउनि संजय बघेल, प्र. आर. उमेश्वरी चौधरी, आर. विक्रम देशमुख, म.आर. फरहीन खान, द्रोपती डेहरिया।



### ग्राम करैया में बिजली के खंबे को ठीक कराने की मांग

सिवनी। वर्तमान समय में अचानक मौसम खराब होने से आए तूफान के कारण गेहूं और चने की फसल प्रभावित हुई है तथा हवा तूफान के कारण सडक़ के किनारे लगे सडक़ मोहगांव के एवं ग्राम करैया मैं बिजली के खंभे तिरछे हो गए हैं जोकि दुर्घटनाओं को कभी भी अंजाम दे सकते हैं और बड़ी दुर्घटना तथा जान माल की हानि हो सकती है। अतः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश बोर्ड सहित डीडी वासनिक डॉ बी सी ओके राजेंद्र जायसवाल तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश आनंद विश्वकर्मा प्रीतम उइके महेश पटेल गेंदलाल भलावी पवन कुमार सनोदिया इरफान पठान आदि ने बिजली विभाग के अधिकारियों एवं जिला कलेक्टर से निवेदन किया है कि झुके हुए तिरछे खम्बो को अति शीघ्र सीधे किया जावे अन्यथा किसी भी समय ग्राम के बच्चे बूढ़े बुजुर्ग गाय बैल और क्षेत्र के सडक़ के किनारे चलने वाली आम जनता दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं और क्षेत्र के लोगों को जान माल की क्षति हो सकती है।

# पाली मैदान में अब ओपन जिम सद्भाव ग्रुप की मांग पर लगी मोहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शहर के पॉलिटेक्निक मैदान पर अब ओपन जिम लगाई जाएगी, जिसका फायदा सभी वर्ग को मिलेगा। सद्भभाव ग्रुप की इस मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया ने घोषणा की है। पॉलिटेक्निक ग्राउंड में ओपन जिम के लिए सद्भभाव ग्रुप के प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया से मुलाकात कर उन्हें ओपन जिम लगाने हेतु हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया था की जिम हम शीघ्र अतिशीघ्र लगाने का प्रयास करेंगे। पॉलिटेक्निक मैदान में आयोजित अंदर-19 लेदर बाल टूर्नामेंट में पधारे नपा अध्यक्ष ने ओपन जिम लगाने की घोषणा कर दी है, इसके लिए उन्होंने नपा अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया है। जिससे अब ओपन जिम लगने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### 24वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिसालः आसरा की रसोई संस्था का सराहनीय सेवा कार्य जारी

सिवनी। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस संदेश को साकार करते हुए आसरा की रसोई संस्था की अध्यक्ष नाजनीन शेख (रोज़) ने 24वीं बार रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके इस सेवा भाव ने न केवल लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया, बल्कि समाज में सहयोग और मानवता की भावना को भी सशक्त किया है। नाजनीन शेख (रोज़) के नेतृत्व में संस्था द्वारा निरंतर जरूरतमंदों की सहायता के लिए अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। संस्था की ओर से प्रतिदिन गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे अनेक लोगों को राहत मिल रही है। इस पुनीत पहल के माध्यम से न केवल भूख से जूझ रहे लोगों का पेट भर रहा है।

# नगर परिषद केवलारी के तिलक वार्ड-14 में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, ग्रामीणों को मिला व्यवहारिक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में नगर परिषद केवलारी के तिलक वार्ड-14 में नगर विकास प्रस्फुटन समिति के माध्यम से नगर स्तरीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, छात्र-छात्राओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।



कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवीसिंह बघेल के अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर एकता हिरेन्द्रवार उपस्थित रहीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुसुईया साहू (गायत्री परिवार प्रमुख), श्रीमती जी. कुशराम (एएनएम स्वास्थ्य विभाग), संतोष पाठक (महिला एवं बाल विकास) सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विकासखंड समन्वयक अशोक बेन्द्रे ने आपदा प्रबंधन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बाढ़ जैसी आपदाओं से पहले और दौरान किए जाने वाले आवश्यक उपायों की जानकारी दी। इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर एवं सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता बालकराम डहेरिया द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर विस्तृत सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक मानचित्र (सोशल मैपिंग) के माध्यम से ग्रामीणों को आपदा से पूर्व, दौरान एवं पश्चात की तैयारियों के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही ग्राम स्तर पर आपदा प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें पूर्व चेतावनी, खोज एवं बचाव, प्राथमिक उपचार, जल एवं स्वच्छता तथा राहत एवं पुनर्वास के लिए अलग-अलग दल बनाए गए।

कार्यक्रम में श्रीमती ब्रजमनी जंघेला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, श्रीमती उमा डहेरिया आंगनवाड़ी सहायिका, श्रीमती मनी जंघेला आशा कार्यकर्ता सीएमसीएलडीपी मेंटर्स राधेश्याम बंदेवार, प्रस्फुटन समिति के सचिव अशोक ठाकरे,छात्र लकेश राहंगडाले, श्रीमती लक्ष्मी भलावी, प्रशांत भारद्वाज एवं अन्य स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को आपदा के प्रति जागरूक बनाना एवं जोखिम को कम करना था।

# सांदीपनि विद्यालय परिसर मे पुस्तक मेला एवं एचपीवाय वेक्सीनेशन केम्प का आयोजन

केवलारी- अशासकीय शैक्षिक संस्थानों के द्वारा केजी वन से लेकर 12 तक की पुस्तको की खरीदी लोकल बुक सेलरो से खरीदी करवाने ,ड्रेस के मामले मे भी ऐसे ही शिकायत पिछले सीजन से चल रही है। जबलपुर के पूर्व कलेक्टर दीपक सक्सेना के द्वारा इस पर नकेल भी कसी गयी थी। शिक्षा मे मंहगाई की मार पर सिवनी कलेक्टर शीतला पटले ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया था की बुक सेलरो की मीटिंग बुलाकर वास्तविकता ओर दर सूची की जानकारी लेकर पुस्तक मेला का आयोजन कराया जाये ।



इसी परिपेक्ष्य मे सांदीपनि विद्यालय परिसर में महेश अग्रवाल एसडीएम ने नगर के सभी बुक सेलरो की बुक स्टाल लगवाया।साथ ही भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे केंसर रोधी वैक्सीनेशन प्रोग्राम कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसमे 14 से 15 वर्ष मध्य उम्र की बालिकाओं को वैक्सीनेशन लगाया गया ।

# सिवनी से जेआरसी जिला दल पचमढ़ी रवाना

**सहरिभूमि न्यूज सिवनी।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी मध्य प्रदेश भोपाल के तत्वाधान में दिनांक 12 से 16 अप्रैल 2026 तक राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस एडवेंचर शिविर पचमढ़ी में आयोजित हो रहा है। जिसमें शिक्षा विभाग के अलग-अलग विद्यालयों से 12 वर्ष से 16 वर्ष की आयु के जूनियर रेडक्रॅस के 6 बालक, 6 बालिका, 1 महिला एवं 1 पुरुष काउंसलर, जिला संगठन के साथ जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस.कुमरे के कुशल मार्गदर्शन में सम्मिलित हो रहे हैं।



शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता की भावना छात्रों में विकसित करना है, जो स्कूलों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देकर छात्रों को समाज के प्रति संवेदनशील बनाता है। इस शिविर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सिवनी, शास. उ. मा. वि. गोपालगंज, शास.उ.मा. वि.गंगेरूआ, शास.उ.मा.वि. आष्टा, पीएमश्री खैरापलारी, शास. उ.मा.वि. मोहबर्रा, शास.उ.मा.वि.कातलबोड़ी, शास.उ.मा. वि.बंडोल, सांदीपनि विद्यालय डूंडासिवनी, पीएमश्री हाई स्कूल बम्होडी, शास. उ.मा. वि.खापाबाजार के जूनियर रेडक्रॉस दल के छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला संगठन प्रदीप हनवत शास.उ.मा.वि. कान्हीवाड़ा, काउंसलर अनंत कुमार मिश्र, शासकीय हाईस्कूल लखनवाड़ा एवं श्रीमती यशवंता मेश्राम शासकीय कन्या हाई स्कूल भोमा को शिविर में शामिल कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विमल ठाकुर प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय डूंडासिवनी, अनंत रहांगडाले, मनीष सिंह प्राचार्य शास.उ.मा.वि.कातलबोड़ी, अनुराग तिवारी, शैलेंद्र साहू एवं शिक्षक-शिक्षिका व पालकों ने रेलवे स्टेशन सिवनी में उपस्थित होकर उन्हें मंगल यात्रा की शुभकामनाएं दी।

# धूमा ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न, सुदीप तिवारी परशुराम सेना के नगर अध्यक्ष नियुक्त

धूमा नगर में आगामी परशुराम जयंती के भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हनुमान मंदिर में आयोजित की गई।

इस बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने सर्वसम्मति से युवा और वरिष्ठ पत्रकार तथा एडवोकेट सुदीप कुमार तिवारी को ब्राह्मण समाज की परशुराम सेना इकाई का नगर अध्यक्ष घोषित किया।बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी परशुराम जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करना था।



इस अवसर पर, समाज के सभी उपस्थित सदस्यों ने ध्वनिमत से सुदीप कुमार तिवारी के नाम पर सहमति जताई, जो उनकी युवा ऊर्जा, पत्रकारिता के अनुभव और कानूनी विशेषज्ञता को दर्शाता है।सुदीप कुमार तिवारी की नियुक्ति को समाज में एक नई ऊर्जा और दिशा के रूप में देखा जा रहा है। उनसे अपेक्षा है कि वे परशुराम सेना के माध्यम से ब्राह्मण समाज के हितों की रक्षा करेंगे और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस नियुक्ति के साथ, परशुराम जयंती के आयोजन को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। हनुमान मंदिर, धूमा नगर बैठक का उद्देश्य आगामी परशुराम जयंती के आयोजन की रूपरेखा तैयार करना नियुक्ति सुदीप कुमार तिवारी को परशुराम सेना का नगर अध्यक्ष घोषित किया गया।

**प्राथमिक ओर माध्यामिक शालाओ के शिक्षको टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य !**

# शिक्षको ने विरोध में रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

केवलारी- माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश मे स्पष्ट कर दिया है कि देश मे वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त हुये लगभग 20 लाख शिक्षको को टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य है। इसी कडी मे मध्यप्रदेश मे 1.50 लाख ऐसे शिक्षक जो बिना पात्रता परीक्षा पास किये शिक्षा विभाग मे कार्यरत है,जिनकी नियुक्ति बर्ष 1998-2001-2003-2006-2009-2010 मे हुयी है।



मध्यप्रदेश मे शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई 2011 मे लागु हुआ है,ओर पात्रता परीक्षा 2013 से लागु है वर्ष 2013 के बाद से नियुक्त हुये शिक्षक पात्र है लेकिन 1998 से लेकर 2010 के मध्य मे नियुक्त शिक्षको को टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य है इस बिषय के विरोध पर शिक्षक संयुक्त मोर्चा संगठन के बैनर तले ब्लाक केवलारी के शिक्षको ने बर्षो के अनुभव का अपमान, मानसिक संतुलन बिगाडऩे का मामला उम्रदराज मे परीक्षा लेना जेसे मुद्दो के साथ आज दिनांक 11 अप्रैल को रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा है। दुसरी तरफ शिक्षक संगठन ने माननीय सुप्रीम कोर्ट मे पुनर्विचार याचिका लगाया हुआ है।



### इधर, टीईटी परीक्षा का विरोध कर वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन बहाली की पुरजोर मांग को लेकर सांसद विधायक को सौपा ज्ञापन

बरघाट। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर बरघाट विकासखंड के आदर्श लॉन परिसर में विशाल रैली बैठक सभा आयोजित कर सांसद भारती पारधी एवं विधायक कमल मर्सकोले को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें टीईटी परीक्षा का विरोध कर नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन बहाली की पुरजोर मांग रखी गयी।

## खबर संक्षेप

### घोटी नन्दौरा में श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती

**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।** जिले के लांजी-किरनपुर क्षेत्र के ग्राम घोटी नन्दौरा में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही, जिससे आयोजन में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे उपस्थित रहे। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, ग्राम सरपंच श्रीचंद कामड़े तथा भारतीय जनता पार्टी मंडल लांजी के महामंत्री तुकाराम बारेकर भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा फुले के जीवन संघर्ष और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए अपना जीवन समर्पित किया। विशेष रूप से महिलाओं और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए उनके प्रयास आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम में सेवकराम आसटकर, तिलकचंद कौशल, रवि चौधरी, मृत्युंजय पांचे, पीतम लाल सोनवाने, लाखाराम वाघाडे, टीसी पांचे, उदेलाल वाघाडे, अशोक मानकर, सूरज दीन गुप्ता, दिनेश रंधाये, दुर्गेश रंधाये, प्यारेलाल दांदरें, परमेश्वर नागफांसे सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए महात्मा फुले के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम प्रेरणादायक और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### लामता में संघ की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** मध्यप्रदेश वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ जिला शाखा बालाघाट अंतर्गत तहसील लामता अध्यक्ष चयन एवं कार्यकारिणी के पुनर्गठन हेतु वन विश्राम गृह भोंडवा लामता में संघ की बैठक वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर लामता सा०,प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री दिलीप बागड़े,जिला अध्यक्ष श्रीराम घरते, जिला संभागीय महासचिव नारायण सिंह टेकाम एवं उत्तर सा० वनमण्डल अध्यक्ष सचिन पदमे की उपस्थिति में रखी गई। सर्वप्रथम वनकर्मचारियों द्वारा जिला मुरैना के शहीद हरिकेश गुर्जर वनरक्षक की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु शोक सभा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात सर्वसहमति से शरीफ खान को तहसील लामता अध्यक्ष पद हेतु एवं उपाध्यक्ष पद हेतु शेखर मात्रे व रजत बोपचे ,सचिव पद हेतु हिमांशु डहरवाल,कोषाध्यक्ष पद हेतु संतोष गोलेंद्र तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पद हेतु बसंती नरवरिया,मीडिया प्रभारी अफजल कुरैशी व महेंद्र तिवारी,संरक्षक रूपसिंह परते व कपिल तिवारी को मनोनीत किया गया। समस्त वनकर्मचारियों गण की उपस्थिति में संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु संकल्प लिया गया।

### विधायक विवेक पटेल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व मुख्यमंत्री मोहन यादव को लिखा पत्र

वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग पर रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मॉग की

वारासिवनी। भारी यातायात, जाम और जनता की परेशानियों को देखते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को पत्र लिखकर नगर के वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग पर स्थित रेल्वे फाटक क्रमांक बी के 26 पर रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि स्थानीय निवासियों और वाहनों की आवाजाही को देखते हुए रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाना जरूरी है। रेल्वे फाटक से बड़ी संख्या में मालगाड़ी एवं यात्री गाड़ियों का संचालन होता है। इस दौरान रेल के गुजरने पर लंबे समय तक मार्ग बाधित रहता है।

# नारी वंदन कार्यक्रम का आयोजन
# महिला सशक्तिकरण पर दिया गया जोर

बालाघाट

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में शनिवार को वर्चुअल कक्ष में “नारी वंदन कार्यक्रम” का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. मराठे ने कहा कि नारी की भूमिका समाज के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। नारी के बिना समाज की उन्नति, प्रगति और निरंतरता की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं, ऐसे में समाज में नारी का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं ईश्वर का वास होता है। वर्तमान समय में महिलाएं घर और बाहर दोनों जगह अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती किरण सुनेरी ने नारी वंदन को महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही नारियों को उच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नारी में सृजन की अद्भुत शक्ति होती है और इतिहास में भी महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने महिलाओं को आत्मसशक्त बनने और अपनी पहचान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

द्वितीय वक्ता श्रीमती ओमेश्वरी एडे ने गायत्री मंत्र का उच्चारण कराते हुए नारी को परिवार की धुरी और बच्चों की प्रथम गुरु बताया। उन्होंने कहा कि नारी में पृथ्वी के समान सहनशीलता होती है, जो उसे विशेष बनाती है। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. कंचन मसराम, सह संयोजक डॉ. प्रतिमा बिसेन, डॉ. योगेश विजयवार, डॉ. रचना कोरी, डॉ. आशा गोहे, प्रो. अनिल हनवत, प्रो. पुष्पलता कमलेशिया, प्रो. साजिया तबस्सुम, डॉ. मिथलेश्वरी घोरमारे, डॉ. ताराचंद बडघैया, प्राशु गौतम सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रतिमा बिसेन द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. कंचन मसराम ने व्यक्त किया।

### बहनों के खातो में पहुंची 15-15 सौ रुपए की राशि

**बालाघाट** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 12 अप्रैल को सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बहनों के खाते में 15-15 सौ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 35 वीं किश्त के रूप में 1836 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है। इसमें बालाघाट जिले की 03 लाख 44 हजार 260 लाड़ली बहनों के खाते में 50 करोड़ 12 लाख 13 हजार 500 रुपए की राशि प्राप्त हुई है। सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित इस कार्यक्रम का बालाघाट जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में सीधा प्रसारण दिखाया गया।

लाड़ली बहना योजना की 35 वीं किश्त के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड बैहर की 19 हजार 443 बहनों के खाते में 02 करोड़ 82 लाख 55 हजार 900 रुपये, विकासखंड बालाघाट की 37 हजार 308 बहनों के खाते में 05 करोड़ 41 लाख 70 हजार 500 रुपये, विकासखंड बिरसा की 26 हजार 970 बहनों के खाते में 03 करोड़ 94 लाख 39 हजार 200 रुपये, विकासखंड कटंगी की 34 हजार 655 बहनों के खाते में 05 करोड़ 04 लाख 02 हजार 300 रुपये, विकासखंड खैरलांजी की 31 हजार 267 बहनों के खाते में 04 करोड़ 56 लाख 73 हजार 500 रुपये, विकासखंड किरनापुर की 38 हजार 350 बहनों के खाते में 05 करोड़ 62 लाख 01 हजार 100 रुपये, विकासखंड लालबर्रा की 37 हजार 236 बहनों के खाते में 05 करोड़ 41 लाख 88 हजार 100 रुपये, विकासखंड लांजी की 38 हजार 173 बहनों के खाते में 05 करोड़ 59 लाख 11 हजार 600 रुपये, विकासखंड परसवाड़ा की 22 हजार 134 बहनों के खाते में 03 करोड़ 20 लाख 67 हजार 300 रुपये एवं विकासखंड वारासिवनी की 32 हजार 893 बहनों के खाते में 04 करोड़ 78 लाख 100 रुपये की राशि जमा हुई है। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका बालाघाट की 8808 बहनों के खाते में 01 करोड़ 26 लाख 82 हजार 800 रुपये, नगर पालिका मलाजखंड की 5809 बहनों के खाते में 83 लाख 42 हजार 100 रुपये, नगर पालिका वारासिवनी की 3752 बहनों के खाते में 53 लाख 90 हजार 700 रुपये, नगर परिषद बैहर की 2653 बहनों के खाते में 37 लाख 57 हजार 100 रुपये, नगर परिषद कटंगी की 2415 बहनों के खाते में 35 लाख 02 हजार 500 रुपये तथा नगर परिषद लांजी की 2384 बहनों के खाते में 34 लाख 28 हजार 700 रुपये की राशि जमा हुई है। लाडली बहना योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले की 03 लाख 44 हजार 260 से अधिक बहनों को जून 2023 से योजना प्रारंभ होने से लेकर 12 अप्रैल 2026 तक 1538 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हो चुकी है।

## कृषि अधिकारियों ने नाहरवानी में किया फसलों का निरीक्षण
# किसानों को दिया आवश्यक मार्गदर्शन

बालाघाट

जिले के कृषि विभाग द्वारा किसानों को बेहतर खेती के लिए प्रोत्साहित करने एवं फसलों की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से निरंतर मैदानी निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय एवं सहायक संचालक श्री राजेश खोबरागड़े ने शनिवार 11 अप्रैल को बालाघाट विकासखंड के ग्राम नाहरवानी का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कृषक चितरंजन घरडे के खेत पहुंचकर उड़द एवं तिल की फसल का अवलोकन किया। उन्होंने फसलों की वृद्धि, पौधों की स्थिति एवं खेत प्रबंधन की जानकारी लेते हुए किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से समझाया। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि वे समय-समय पर फसल की निगरानी करें तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग करें।





इसके पश्चात उन्होंने कृषक राजेश फाये के खेत का भी निरीक्षण किया, जहां कुसुम फसल की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने कुसुम फसल की देखरेख, सिंचाई प्रबंधन एवं उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दौरे के दौरान सिंचाई सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने खेत में चल रहे ट्यूबवेल खनन कार्य का अवलोकन करते हुए कहा कि सिंचाई के समुचित साधन होने से फसल उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने किसानों को जल संरक्षण एवं कुशल सिंचाई तकनीकों को अपनाने की सलाह दी।

अधिकारियों ने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग किसानों के साथ खड़ा है और उन्हें हर संभव तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर क्षेत्र के अन्य किसान भी उपस्थित रहे और उन्होंने कृषि अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का बड़ा बिगुल
# सरकार से आदेश निरस्त करने की मांग तेज

### लांजी से उठी आवाज, सेवा अवधि की गणना नियुक्ति तिथि से करने की भी प्रमुख मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज लांजी।

मध्यप्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर अब शिक्षकों का असंतोष खुलकर सामने आ गया है। विकासखंड लांजी, के अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा म.प्र. ने क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे एवं लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए हाल ही में जारी आदेशों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 2 मार्च 2026 एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 26 मार्च 2026 को जारी आदेशों के तहत प्रदेश के कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस निर्णय से हजारों शिक्षक मानसिक तनाव में आ गए हैं और उनके भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। संयुक्त मोर्चा ने आरोप लगाया है कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर अचानक इस प्रकार की अनिवार्यता थोपना न केवल अनुचित है, बल्कि उनके अधिकारों का हनन भी है। शिक्षकों ने सरकार से मांग की है कि इस आदेश को तुरंत निरस्त किया जाए और यदि आवश्यक हो तो इस विषय पर उच्चतम न्यायालय में पुर्नविचार याचिका भी दायर की जाए। वहीं, ज्ञापन में एक अन्य महत्वपूर्ण मांग भी उठाई गई है। नवीन शिक्षक संवर्ग के शिक्षकों के लिए सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से किए जाने की मांग की गई है। शिक्षकों का कहना है कि ऐसा होने से उन्हें पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और क्रमोन्नति जैसे वैधानिक लाभ समय पर मिल सकेंगे।

संयुक्त मोर्चा ने सरकार से अपील की है कि वह इस संवेदनशील मुद्दे पर न्यायसंगत और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शिक्षकों को राहत प्रदान करे। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में हलचल मचा दी है और अब सभी की निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हुई हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के तिलकचंद बनोठे, राज्य शिक्षक संघ से जैनेन्द्र कुमार बेदरे, प्रांतीय शिक्षक संघ से आनंद लटारे, एनएमओपीएस से गोविंद सोनवाने, शासकीय शिक्षक संघ से शिवनारायण दहीकर, म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस दीपक रामटेके, म.प्र. शिक्षक संघ से केशव दहीकर, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा से कृष्णा भीमटे सहित सैकड़ो शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## धान संबंधी शोध कार्यों का किया निरीक्षण

बालाघाट



अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान मनीला(फिलीपींस) के प्रमुख वैज्ञानिक का कृषि महाविद्यालय बालाघाट में आगमन, 11 अप्रैल 2026 को कृषि महाविद्यालय बालाघाट के मुरझड़ फार्म में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धान अनुसंधान को नई दिशा देने वाले महत्वपूर्ण शोध कार्यों के निरीक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन हेतु अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान मनीला (फिलीपींस) के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. जौहर अली का आगमन हुआ।

यह दौरा मध्यप्रदेश शासन की पहल पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान मनीला (फिलीपींस) के बीच हुए समझौते के अंतर्गत चल रहे संयुक्त शोध कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान धान फसल में भविष्य उन्मुख सुधार के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसमें बौनी (ड्वार्फ) प्रजातियों का विकास, चावल में जिंक एवं आयरन जैसे पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाना, प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन देने वाली किस्मों का विकास तथा दो-लाइन थर्मोसेंसिटिव जेनेटिक मेल स्टेरिलिटी तकनीक के माध्यम से उन्नत शंकर बीज उत्पादन शामिल है। इन प्रयासों का उद्देश्य किसानों को कम लागत पर उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है।

कृषि महाविद्यालय मुरझड़ में प्रोजेक्ट प्रभारी डॉ. उत्तम बिसेन के निर्देशन में इन शोध परीक्षणों का प्रक्षेत्र स्तर पर संचालन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डॉ. जौहर अली के साथ जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर से डॉ. संजय सिंह एवं डॉ. शिव रामा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने शोध कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक तकनीकी सुझाव प्रदान किए। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख ने अतिथियों को संस्थान में संचालित अनुसंधान, शिक्षा एवं प्रसार गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

## “गांव का पानी गांव में, जल है तो कल है” का दिया संदेश, जल चौपाल का आयोजन
# कलश यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण का संकल्प

### धनसुआ में 185 बोरियों का हुआ बोरी बंधान

बालाघाट

**जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद, विकासखंड बालाघाट द्वारा कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में विभिन्न जल संरक्षण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम धनसुआ में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धनसुआ द्वारा जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन, विकासखंड समन्वयक वैजयंती कटरे एवं सीएम इंटर्नशिप के अजीत कुमार की उपस्थिति में ग्रामीण महिलाओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान “गांव का पानी गांव में” और “जल है तो कल है” जैसे जागरूकता नारों के साथ पूरे गांव में भ्रमण कर लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।






भीषण गर्मी को देखते हुए ग्राम के समीप स्थित घीसर्री नदी में जल स्तर बनाए रखने के उद्देश्य से श्रमदान एवं जन सहयोग से 185 बोरियों का बोरी बंधान कार्य किया गया। इस पहल से जल संग्रहण को बढ़ावा देने और भू-जल स्तर सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं नागरिकों के साथ जल संरक्षण विषय पर जल चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में पूर्व सरपंच श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि समय के साथ जलस्तर लगातार घटता जा रहा है, ऐसे में जल को रोकना और संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती नीलिमा धुर्वे, पूर्व सरपंच श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता विनय गोयल, युवा मोटिवेटर अजय ठाकुर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष देवी लता ब्रम्हे, सचिव किरण पाचे सहित समिति के सदस्यगण एवं नवांकुर वसुंधरा ग्राम सेवा समिति पाथरवाड़ा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही सीएम सीएलडीपी के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए भविष्य में भी जल बचाने और जल स्रोतों के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।